INDIAN SCHOOL SOHAR — Set-2

PERIODIC TEST II(2023-24)

SUBJECT- HINDI

CLASS : VI — MAX MARKS: 20

DATE : 18 /01/2024 — TIME: 40 MINUTES

सामान्य निर्देश : 1. इस प्रश्न-पत्र में दो खंड हैं – खंड 'क' और खंड 'ख'।

2. कुल प्रश्नों की संख्या नौ है।

3. प्रत्येक प्रश्न को ध्यानपूर्वक पढ़ते हुए यथासंभव क्रमानुसार उत्तर लिखिए।

खंड 'क' (व्याकरण)

निम्नलिखित प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प को छाँटकर लिखिए।

प्रश्न 1. 'धरती' शब्द के दो सही पर्यायवाची शब्द वाला विकल्प छाँटकर लिखिए। (1)

(क) अचल, धरा — (ख) धरनी, भूधर

(ग) धरा, धरणी — (घ) अचल, शैल

प्रश्न 2. 'अरि, रिपु' किस शब्द के पर्यायवाची शब्द हैं? (1)

(क) चन्द्रमा — (ख) तलवार

(ग) राजा — (घ) शत्रु

प्रश्न 3. 'शरीर' शब्द के दो सही पर्यायवाची शब्द वाला विकल्प छाँटकर लिखिए। (1)

(क) गात, काया — (ख) गात, हस्त

(ग) चेहरा, मुँह — (घ) कर, काया

प्रश्न 4. 'मधुर' शब्द का विलोम शब्द दिए गए विकल्पों में से छाँटकर लिखिए। (1)

(क) कोमल — (ख) खट्टा

(ग) कटु — (घ) कठोर

प्रश्न 5. 'पहले' शब्द का विलोम शब्द दिए गए विकल्पों में से छाँटकर लिखिए। (1)

(क) आगे — (ख) पीछे

(ग) बाद में — (घ) नीचे

खंड 'ख' (साहित्य)

प्रश्न 6. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए। (3)

(क) परखना (ख) सज्जित (ग) निर्भय

P.T.O.

प्रश्न 7. निम्नलिखित शब्दों से अर्थपूर्ण वाक्य बनाकर लिखिए। (2)

(क) परीक्षा (ख) मेल

प्रश्न 8. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर निर्देशानुसार दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए:-

मुझे - जिसे कुछ भी दिखाई नहीं देता-सैकड़ों रोचक चीज़ें मिलती हैं, जिन्हें मैं छूकर पहचान लेती हूँ। मैं भोज-पत्र के पेड़ की चिकनी छाल और चीड़ की खुरदरी छाल को स्पर्श से पहचान लेती हूँ। वसंत के दौरान मैं टहनियों में नयी कलियाँ खोजती हूँ। मुझे फूलों की पंखुड़ियों की मखमली सतह छूने और उनकी घुमावदार बनावट महसूस करने में अपार आनंद मिलता है। इस दौरान मुझे प्रकृति के जादू का कुछ अहसास होता है। कभी, जब मैं खुशनसीब होती हूँ, तो टहनी पर हाथ रखते ही किसी चिड़िया के मधुर स्वर कानों में गूँजने लगते हैं।

(i) कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए- (1)

कथन(A) - मुझे-जिसे कुछ दिखाई नहीं देता - सैकड़ों रोचक चीज़ें मिलती हैं।

कारण(R) - लेखिका चीज़ों को छूकर पहचान लेती है।

<u>विकल्प</u>

(क) कथन (A) गलत है किन्तु कारण (R) सही है।

(ख) कथन (A) सही है किन्तु कारण (R) गलत है।

(ग) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं।

(घ) कथन (A) और कारण (R) दोनों गलत हैं।

(ii) लेखिका किसका स्वर सुनने पर अपने-आप को खुशनसीब महसूस करती है? (1)

(क) कोयल (ख) मोर (ग) मैना (घ) चिड़िया

(iii) लेखिका को कब अपार आनन्द मिलता है? (1)

(iv) भोज-पत्र के पेड़ की छाल कैसी होती है? (1)

प्रश्न 9. निम्नलिखित प्रश्नों में से <u>किन्हीं तीन</u> प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (3×2=6)

(क) 'कुछ खास नहीं' हेलेन को अपने मित्र से यह जवाब सुनकर आश्चर्य क्यों नहीं हुआ?

(ख) हेलेन केलर के जीवन से आपको क्या शिक्षा मिलती है? कोई दो शिक्षाएँ लिखिए।

(ग) छुटपन में बच्चे अपनी माँ के बहुत करीब होते हैं। "मैं सबसे छोटी होऊँ" कविता में माँ से नज़दीकी की कौन-कौन सी स्थितियाँ बताई गई हैं?

(घ) "मैं सबसे छोटी होऊँ" कविता में बच्ची किसकी छाया में रहना चाहती है?

****